प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



ख़ान सर के बाद अब चर्चा में आए विवेक सर पेज- 2

www.newswani.in

घरेलू कलह के चलते युवक ने खाया जहर, मौत पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 174 | सोमवार 15 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## सरकार जरुरतमंदों के साथ, हर समस्या का होगा निदान : योगी

(एजेंसी) गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरतमंदों के साथ है और हर उचित समस्या का समाधान करेगी। योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित दिग्विजय नाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से अपनी पीड़ा लेकर पहुंचे 200 फरियादियों से यह बात कही। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने एक–एक कर सभी की समस्या सुनी और उचित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को मामलों के निस्तारण का निर्देश दिया और कहा कि सभी समस्याओं का निस्तारण निष्पक्ष और समयसीमा के भीतर होना चाहिए। जनता दर्शन में पुलिस व राजस्व संबंधी शिकायतों पर योगी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा, आप परिजनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। इलाज की चिंता सरकार पर छोड़ दें, सरकार इलाज में मदद करेगी। जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और लोगों को विवेकाधीन कोष से भी सहायता दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया।



## टीएमसी में बगावत के बीच ममता बनर्जी का बड़ा फैसला, सायोनी घोष और माला रॉय को अहम पदों से हटाया

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में करारी हार और पार्टी के भीतर बढ़ते असंतोष के बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने संगठन में बड़ा फेरबदल किया है। पार्टी ने युवा और महिला इकाइयों के नेतृत्व में बदलाव करते हुए सांसद सायोनी घोष और माला रॉय को उनके पदों से हटा दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जादवपुर से सांसद सायोनी घोष को टीएमसी की युवा इकाई के अध्यक्ष पद से हटाकर युवा नेता अर्नब बनर्जी को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, कोलकाता दक्षिण की सांसद माला रॉय की जगह नदिया जिले के कालिगंज से विधायक अलीफा अहमद को तृणमूल महिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। राजनीतिक हलकों में इस बदलाव को पार्टी के भीतर चल रही बगावत से जोड़कर देखा जा रहा है। सायोनी घोष और माला रॉय उन सांसदों में शामिल मानी जा रही हैं, जिन्होंने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ असंतोष जताने वाले समूह का समर्थन किया है। बताया जा रहा है कि टीएमसी के असंतुष्ट सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर खुद को वास्तविक टीएमसी के रूप में मान्यता देने की मांग करने वाले हैं। बागी खेमे का दावा है कि पार्टी के 28 लोकसभा सांसदों में से 20 सांसद उनके समर्थन में हैं। असंतुष्ट सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि यदि उनके समूह को मान्यता मिलती है तो वह संसद में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को समर्थन देगा। इस बयान ने टीएमसी की आंतरिक राजनीति में हलचल और बढ़ा दी है। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने 5 जून को पार्टी की सभी पुरानी समितियों और प्रकोष्ठों को भंग कर संगठन का व्यापक पुनर्गठन किया था। उस समय उन्होंने सायोनी घोष और माला रॉय को क्रमशः युवा और महिला विंग की जिम्मेदारी सौंपी थी। साथ ही, अपने भतीजे और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय के भी बागी गुट के संपर्क में होने की खबर है। इसी बीच, पार्टी ने कोलकाता के बेलेघाटा से सांसद कुनाल घोष को उत्तर कोलकाता संगठनात्मक जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह पद पहले सुदीप बंद्योपाध्याय के पास था। कुनाल घोष ने कहा कि हालिया घटनाक्रम को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।टीएमसी नेतृत्व ने वरिष्ठ सांसद सौगत रॉय को लोकसभा में पार्टी के वफादार सांसदों के समूह का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया है। वर्तमान में लोकसभा में टीएमसी के केवल आठ सांसदों को ममता बनर्जी के प्रति पूरी तरह वफादार माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संगठन में यह फेरबदल ममता बनर्जी की पार्टी पर पकड़ मजबूत करने और बगावत को नियंत्रित करने की रणनीति का हिस्सा है। आने वाले दिनों में टीएमसी की आंतरिक राजनीति और अधिक दिलचस्प होने की संभावना है।



## छोटे व्यापारियों के मुद्दे पर अखिलेश यादव का फोकस

## विजन इंडिया को लेकर कही बड़ी बात

(एजेंसी) आगरा समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि जब तक कारोबारी वर्ग संपन्न नहीं होगा, तब तक देश खुशहाली के रास्ते पर आगे नहीं बढ़ सकता। यादव ने यहां वजन इंडिया (पीडीए) संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आगरा इसलिए आया हूं कि छोटे कारोबारी क्यों बर्बाद हो रहे हैं, इस बारे में आप लोगों के सुझाव ले सकूं। अगर हम भारत को नए स्वरूप में देखना चाहते हैं, तो विजन इंडिया की शुरुआत इसी विषय से करेंगे कि छोटे कारोबार क्यों बर्बाद हो रहे हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि जब तक हमारा कारोबारी वर्ग संपन्न नहीं होगा, तब तक हम खुशहाली का रास्ता नहीं अपना सकते। हमें व्यापक सोच के साथ छोटे कारोबार और छोटे कारोबारियों की समस्याओं पर बात करनी होगी। हमारा मानना है कि छोटे कारोबारियों की समस्याओं, चुनौतियों, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को तब तक नहीं समझा जा सकता, जब तक उन्हें विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत नहीं किया जाता। उनकी समस्याओं और कारोबार की प्रकृति को समझे बिना उनका समाधान संभव नहीं है। यादव ने वर्ष 2012 से 2017 के बीच समाजवादी पार्टी सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आगरा और आसपास के क्षेत्रों के उद्यमियों, पेशेवरों और बुद्धिजीवियों को विजन इंडिया के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह पीडीए संवाद भी उसी दिशा में एक प्रयास है। यह एक प्रगतिशील संवाद है, जिसके माध्यम से हम लोगों से जुड़कर उनकी बात सुनना चाहते हैं। वर्ष 2012 से 2017 के दौरान हुए विकास कार्य किसी से छिपे नहीं हैं। अगर मैं एक–एक काम गिनाने लगूं, तो शायद आपको विश्वास हो जाएगा कि जितना काम समाजवादी सरकार के दौरान हुआ, उतना पहले कभी नहीं हुआ था। विशेष रूप से आगरा के विकास के लिए हमने कई महत्वपूर्ण पहल की थीं। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे, संग्रहालय, मेट्रो तथा अन्य परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने सपना देखा था कि आगरा को लखनऊ से जोड़ा जाए। उस समय बैंकों का भी पर्याप्त सहयोग नहीं मिल रहा था और बड़ी परियोजनाओं के लिए वित्त जुटाना चुनौतीपूर्ण था। इसके बावजूद राज्य के बजट से बनने वाला आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया। विजन इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत गाजियाबाद से की गई थी, जहां किसानों और खेती–किसानी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई थी। हमने कहा था कि जब खेत मुस्कुराएगा, तब देश मुस्कुराएगा। छोटे कारोबार और लघु उद्योगों की गतिविधियां भी वहीं से गति पकड़ती हैं। हमारी अर्थव्यवस्था की बुनियाद कृषि से ही जुड़ी है।




## रोशन आनंद सर के भाई प्रिंस यादव की मौत, खान सर कोचिंग फायरिंग केस में थे फरार

(एजेंसी) पटना। बिहार की राजधानी पटना में खान ग्लोबल और ज्ञान बिंदु कोचिंग चलाने वाले देश के दो चर्चित शिक्षक खान सर और रोशन आनंद सर के बीच विवाद में नया मोड़ आ गया है। रोशन आनंद सर के छोटे भाई प्रिंस यादव की नेपाल के एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से पटना सन्न है। पुलिस ने कोचिंग इलाके पीरबहोर और कदमकुआं में एहतियातन भारी फोर्स तैनात कर दिया है। मृतक प्रिंस यादव खान सर की कोचिंग पर हमले में नामजद आरोपी थे, जोकि गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे थे। बताया जा रहा है कि तब से वह अपने 5–6 दोस्तों के साथ नेपाल में रह रहे थे। उनकी मौत की खबर मिलने के बाद बदहवास परिजन नेपाल के लिए रवाना हो गए हैं। फिलहाल मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। नेपाल के साथ बिहार पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। रोशन आनंद सर मूलरूप से बिहार के सहरसा के रहने वाले हैं। पटना में ज्ञान बिंदु नाम से उनकी कोचिंग है। खान सर और रोशन आनंद सर के बीच पिछले काफी अरसे से विवाद बना है। हाल में खान सर की कोचिंग पर हमले की घटना सुर्खियों में बनी है। इस मामले में रोशन आंनद सर जेल में हैं। अपनी ही कोचिंग पर हमले की साजिश के आरोप में खान सर की गिरफ्तारी पर फिलहाल कोर्ट से रोक लगी है। इस बीच रोशन आनंद सर के भाई प्रिंस यादव की मौत ने दो शिक्षकों के बीच के विवाद को और गरमा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्थानीय पुलिस होटल में मौजूद युवकों के पूछताछ कर रही है।



## जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलेंगे पीएम मोदी और ट्रंप, 16 महीने बाद होगी अहम द्विपक्षीय वार्ता

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के रिश्तों के बीच जारी कूटनीतिक और आर्थिक चर्चाओं के दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर आमने–सामने होने जा रहे हैं। दोनों नेताओं की मुलाकात 17 जून को फ्रांस में आयोजित जी–7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रस्तावित है। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि पिछले 16 महीनों में दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित करने वाली कई बड़ी घटनाएं सामने आई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पिछली मुलाकात फरवरी 2025 में हुई थी। इसके बाद से वैश्विक राजनीति और भारत–अमेरिका संबंधों में कई बदलाव देखने को मिले हैं। व्यापारिक समझौते, टैरिफ विवाद, रणनीतिक साझेदारी और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दे लगातार चर्चा में रहे हैं। अब फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित जी–7 सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता होने जा रही है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और अमेरिका के बीच लंबित व्यापारिक समझौता इस बैठक का प्रमुख एजेंडा हो सकता है। इसके अलावा रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी साझेदारी और भारतीय पेशेवरों के लिए वीजा संबंधी नीतियों पर भी बातचीत की संभावना है। दोनों देश इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में भी चर्चा कर सकते हैं। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मुद्दे भी बैठक का हिस्सा बन सकते हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब हाल ही में समुद्री क्षेत्र में हुई एक घटना को लेकर भारत और अमेरिका के बीच कूटनीतिक संवाद तेज हुआ है। इस मामले को लेकर भारत ने अपनी चिंता अमेरिका के समक्ष दर्ज कराई थी। ऐसे में दोनों नेताओं की सीधी बातचीत को रिश्तों में स्पष्टता और सहयोग बढ़ाने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। जी–7 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी कई अन्य वैश्विक नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। इनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, भारत और फ्रांस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर भी प्रगति संभव है। मेक इन इंडिया पहल के तहत उन्नत सैन्य तकनीक और लड़ाकू विमान परियोजनाओं पर चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। विश्लेषकों का मानना है कि जी–7 सम्मेलन में होने वाली मोदी–ट्रंप बैठक केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका असर वैश्विक व्यापार, सुरक्षा और रणनीतिक साझेदारी के भविष्य पर भी पड़ सकता है।



## यमुना सफाई अभियान में शामिल हुए मंत्री प्रवेश वर्मा और वीरेंद्र सचदेवा, कहा, यमुना को स्वच्छ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष यमुना सफाई अभियान के तहत रविवार को आईटीओ घाट पर व्यापक सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग शामिल हुए। दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी अभियान में हिस्सा लिया और स्वयं यमुना तट पर सफाई कर लोगों को जागरुक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रवेश वर्मा ने कहा कि यमुना को साफ और स्वच्छ बनाना दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा, यमुना की सफाई हमारी सरकार के प्रमुख एजेंडों में से एक रही है और हम इस दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। यमुना को स्वच्छ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने दिल्लीवासियों से भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यमुना को साफ रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसमें जनता की सहभागिता भी आवश्यक है। यदि सभी लोग यमुना नदी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए जागरुकता दिखाएं और अपना योगदान दें, तो यमुना को स्वच्छ बनाए रखने का लक्ष्य जल्द हासिल किया जा सकता है। दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित दिल्ली भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता यमुना सफाई अभियान में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार के प्रयासों और जनता के सहयोग से यमुना को स्वच्छ व निर्मल बनाने का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। प्रवेश वर्मा ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने यमुना की सफाई पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण नदी की स्थिति लगातार खराब होती गई। अब सरकार बदल चुकी है और नई सरकार यमुना के पुनर्जीवन के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि यमुना जरूर साफ होगी और दिल्लीवासियों को एक स्वच्छ नदी देखने को मिलेगी। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सरकार शुरू से ही यमुना के मुद्दे को लेकर गंभीर है और नदी की सफाई एवं संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए सरकार किसी भी तरह की कमी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यमुना को साफ रखना केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जनभागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली के सभी लोगों से आग्रह करता हूं कि वे इस अभियान में अपना सहयोग दें और यमुना को स्वच्छ रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। सचदेवा ने कहा कि यमुना दिल्ली की जीवनरेखा है और इसे प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और जनता के संयुक्त प्रयासों से यमुना की स्थिति में सकारात्मक बदलाव आएगा और आने वाले समय में नदी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने यमुना सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं, भाजपा सांसद स्वाति मालीवाल ने कालिंदी कुंज में मां यमुना नदी तट सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस मौके पर स्वाति मालीवाल ने कहा, आज कई सामाजिक संस्थाएं और पूरा भाजपा परिवार सफाई अभियान में शामिल होने के लिए यमुना तट पर इकट्ठा हुआ है। हम सब मिलकर काम कर रहे हैं और यह अभियान कई घंटों तक चलेगा। हमारा मकसद यह पक्का करना है कि यमुना नदी का किनारा पूरी तरह से साफ–सुथरा हो। भाजपा विधायक हरीश खुराना ने मोती नगर विधानसभा क्षेत्र में शमां यमुना नदी तट सफाई अभियानश में हिस्सा लिया। हरीश खुराना ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 12 साल पूरे होने पर हम सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। इसी के तहत, दिल्ली भर के अलग–अलग जिलों से भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता मैदान में उतरे हैं, यमुना के अलग–अलग घाटों की सफाई करके श्रमदान कर रहे हैं।



# सम्पादकीय

## ''बेटी तो बेटी होती है''

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले दिनों अपने आजमगढ़ के दौरे पर थे। मैं यहां नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि जहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने महाराजा सुहेलदेव का जिक्र कर इशारों ही इशारों में ओवैसी के दौरे से पहले खास संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महराज सुहेलदेव जैसे भारत के अमर सेनानी राष्ट्रनायक ने विदेशी आक्रांताओं को नेस्तनाबूद किया। विदेशी आक्रांता महाराजा सुहेलदेव के डर की वजह से भारत की धरती पर कदम नहीं रखते थे। हम एक बार फिर जाति, क्षेत्र, भाषा, परिवारवाद के नाम पर बंटने लगे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम सबका यही दर्द है। जिन लोगों ने हमको बांटा था वो बार–बार आपका समर्थन पाते थे। वे आपके हितैषी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बहराइच में नेजा मेले का आयोजन आक्रांता सालार मसूद के नाम पर होता था, हम लोगों ने कहा कि गाजी के नाम पर नहीं बल्कि महराजा सुहेलदेव के नाम पर इसका आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ जिसका गौरवशाली इतिहास रहा हो। साहित्यिक साधना का केंद्रबिंदु रहा हो, देश की आज़ादी के आंदोलन में बढ़ चढ कर हिस्सा लिया हो, जहां ऊर्जावान युवा हों, वह जनपद पहचान का मोहताज क्यो हो गया। यही सवाल लेकर मैं बार बार आजमगढ़ आता हूं। तो वहीं दूसरी ओर यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की बड़ी बेटी पर अभद्र टिप्पणी के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा कि बेटी का सम्मान होना चाहिए। मैं पिछले दिनों देख रहा था कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री के खिलाफ कुछ लोगों ने गलत टिप्पणियां की थी। जैसे मेरे संज्ञान में आया, मैंने तत्काल पुलिस से कहा कि इसमें एफआईआर दर्ज कराओ। बेटी–बेटी होती है। उसके खिलाफ खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। आजमगढ़ दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बेटी के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। हम तो संस्कार में बले पले हैं, कहा जाता है कि गांव की बेटी सबकी बेटी गांव की बहन सबकी बहन। हमने तो कोई भेदभाव नहीं किया। लेकिन अखिलेश जी दूसरों को उपदेश देते हो पहले अपने चेले चपाटों को भी थोड़ा उपदेश दे दो कि अपनी भाषा को संयम कर लें। हमने तुरंत इस मामले में पुलिस को एक्शन के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा दूसरों के प्रति टिप्पणी करने के पहले स्वयं भी सोचा करो कि उनके लोग किस प्रकार की भाषा का प्रयोग बहन और बेटियों के प्रति, बुजुर्गों के प्रति, दिवंगत लोगों के प्रति और वरिष्ठ नेताओं के प्रति करते हैं। इसके बारे में उनको भी अपने लोगों को संस्कारित करने की आवश्यकता है। अच्छा होगा उनको समझाओ। अगर नहीं समझे तो फिर हमें बता दो हम उन्हें अच्छे से समझा देंगे। गौरतलब है कि पिछले दिनों यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव की बड़ी बेटी को लेकर सोशल मीडिया पर एक अभद्र टिप्पणी हुई थी। जिसके बाद यह मामला चर्चा में आ गया था। तो वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के विधायक एवं प्रवक्ता रविदास मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर प्रक्रिया देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री के बयान से यह साफ हो चुका है कि यूपी पुलिस मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुकदमा दर्ज करती है। अगर किसी भी व्यक्ति के परिवार के खिलाफ अशुभनी टिप्पणी हुई है तो पुलिस ने स्वत संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज क्यों नहीं किया। मुख्यमंत्री के बयान से साफ है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के कहने पर उत्तर प्रदेश पुलिस मुकदमे कायम करती है।



नफीस जाफरी

## हल्दीघाटी-दिवेरघाटी विजयोत्सव सम्मान समारोह 2026 में विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियां सम्मानित

(संवाददाता) लखनऊ। हल्दीघाटी–दिवेरघाटी विजयोत्सव सम्मान समारोह 2026 के अवसर पर शिक्षा, समाज सेवा, चिकित्सा, प्रशासन, सैन्य सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अनेक विभूतियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट, प्रोफेसर भीम सेन सिंह, प्रोफेसर डॉ. प्रिया सिंह, प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार सिंह, निर्मला सिंह, डॉ. सोनिया सिंह, डॉ. विश्वजीत सिंह, डॉ. भानु प्रताप सिंह, डॉ. सौम्या सिंह, डॉ. कर्मराज सिंह, डॉ. नूतन सिंह, डॉ. रंजीत कुमार सिंह, वंदना सिंह, तृप्ति सिंह, एन.के.एस. चौहान, राम नवल सिंह, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, अनिल कुमार सिंह, अनिल सिंह सिसोदिया, हवलदार सिंह, श्रीहरि प्रताप शाही, कर्नल संजय सिंह, राम विलास सिंह, राजेंद्र सिंह, आचार्य दंपत्ति, हरि गोविंद परिहार, राज नितिन रावत, पवन कुमार सिंह, रणविजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अरविंद सिंह, स्नेहलता सिंह, डॉ. मार्कण्डेय सिंह, डॉ. सतेंद्र कुमार सिंह, विनय सिंह, डॉ. अपराजिता सिंह तथा कौस्तुभ राघव शामिल रहे।समारोह में उपस्थित अतिथियों ने सभी सम्मानित विभूतियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके कार्यों से नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्र गौरव की भावना को स्मरण करते हुए सम्मानित अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

# ख़ान सर के बाद अब चर्चा में आए विवेक सर



गुलफिशा खान

पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों में नाराजगी है। इसी के चलते बीते दिनों राजनधानी लखनऊ में छात्रों ने बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान नीट, यूपीएसआई, एसएससी, जीडी और लेखपाल प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए इको गार्डन को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। आरआरएफ, पीएसी समेत लोकल पुलिस के 1500 जवान तैनात किए गए थे। इस दौरान छात्र काफी नाराज नजर आए। छात्रों ने मिलकर पेपर लीक बंद करो, यूपीएसआई स्कोरकार्ड जारी करो के नारे लगाए। छात्रों ने पेपर लीक, एग्जाम रिजल्ट में देरी और भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली के मुद्दों पर प्रदर्शन किया। इस दौरान इको गार्डन में हजारों की संख्या में छात्र अपनी बात रखने को लेकर जुटे थे। छात्रों ने कई मुद्दों पर अपनी मांगे रखीं। उनका कहना था कि पेपर होने के लम्बे समय तक भी स्कोरकार्ड जारी न करना, पेपर लीक की निष्पक्ष जांच करना, परीक्षाओं के आउटसोर्सिंग पर रोक लगाना और पूरे सिस्टम में पारदर्शिता के लिए कड़े कानून होने चाहिए। जैसा कि उल्लेखनीय है कि हजारों की संख्या में छात्रों के जुटने के कारण इको गार्डन को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। इस दौरान लखनऊ पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कराने को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किये थे। सोशल मीडिया से लेकर सीसीटीवी तक संदिग्ध की पहचान में टीमें सक्रिय थी ताकी छात्रों के आंदोलन को कोई भी बहकाकर शांति व्यवस्था बाधित ने कर सकें। राजधानी लखनऊ के ईको गार्डन में 12 जून को हजारों छात्रों की भीड़ जुटी तो कई लोगों के मन में एक ही सवाल उठा कि आखिर ये विवेक सर कौन हैं, जिनकी एक अपील पर इतनी बड़ी संख्या में छात्र सड़क पर उतर आए? यह किसी से छिपा नहीं है कि पिछले कुछ दिनों से यूपी में भर्ती परीक्षाओं, रिजल्ट, स्कोर कार्ड और सामने आ रही गड़बड़ियों को लेकर छात्रों के बीच नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी बीच एक शिक्षक का नाम लगातार चर्चा में बना हुआ है। सोशल मीडिया से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के बीच उनकी अच्छी पहचान है। यही वजह है कि जब उन्होंने ईको गार्डन पहुंचने की अपील की, तो हजारों छात्र वहां पहुंच गए। गौरतलब है कि छात्रों के मुद्दों को लेकर चर्चा में रहने वाले शिक्षकों की बात हो तो सबसे पहले खान सर का नाम याद आता है। अब इसी तरह यूपी में विवेक सर का नाम तेजी से सुर्खियां बटोर रहा है। विवेक





सर का पूरा नाम विवेक कुमार है। वो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले लोकप्रिय शिक्षकों में गिने जाते हैं और ॔उचनत एजुकेशन प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। यूपी पुलिस, एसएससी, लेखपाल, जीडी और दूसरी सरकारी नौकरियों की तैयारी करने वाले छात्रों के बीच उनकी अच्छी पहुंच मानी जाती है। भर्ती परीक्षाओं, पेपर लीक और छात्रों की समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर भी वो लगातार अपनी बात रखते रहे हैं। ईको गार्डन में जुटे छात्रों की मांग सिर्फ किसी एक भर्ती परीक्षा से जुड़ी नहीं थी। प्रदर्शन में यूपीएसआई, लेखपाल, होमगार्ड, एसएससी, जीडी समेत कई भर्तियों के अभ्यर्थी शामिल हुए। छात्रों की मांग थी कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाई जाए, स्कोर कार्ड जारी किए जाएं, शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो और परीक्षाओं का कैलेंडर समय पर जारी किया जाए। विवेक सर का कहना रहा है कि ये किसी राजनीतिक दल या संगठन का आंदोलन नहीं, बल्कि छात्रों के हक और उनकी समस्याओं से जुड़ा मुद्दा है। प्रदर्शन से पहले खबरें सामने आई थीं कि विवेक सर और कुछ और लोगों को रास्ते में रोककर हिरासत में लिया गया था। हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया और वो ईको गार्डन पहुंच गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनका नाम तेजी से ट्रेंड करने लगा। कई छात्रों ने उन्हें ऐसा शिक्षक बताया जो सिर्फ पढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के मुद्दों को भी खुलकर उठाता है। वैसे ये पहली बार नहीं है जब विवेक कुमार चर्चा में आए हों। कुछ समय पहले प्रयागराज में उनके कोचिंग सेंटर पर प्रशासन की कार्रवाई के बाद उनका एक भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। प्रशासन ने उस समय नियमों और फायर सेटी से जुड़ी कमियों का हवाला देते हुए कार्रवाई की थी। इसके बाद भी वो लगातार छात्रों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखते रहे। फिलहाल भर्ती परीक्षाओं को लेकर चल रही बहस के बीच विवेक सर का नाम पूरे यूपी में चर्चा का विषय बना हुआ है। यही वजह है कि ईको गार्डन में हुए प्रदर्शन के बाद बड़ी संख्या में लोग उनके बारे में जानना चाह रहे हैं और सोशल मीडिया पर भी उनकी खूब चर्चा हो रही है। यहां यह बताते चलें कि यूपी के कुछ टीचर्स की तरफ से इस प्रोटेस्ट का कॉल दिया गया था। जिसके बाद हजारों की संख्या में छात्र और अभ्यर्थी लखनऊ पहुंच गए थे। इस प्रदर्शन का सबसे बड़ा चेहरा विवेक सर थे। जिन्होंने कई दिन पहले कहा था कि 12 जून को लखनऊ में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। हालांकि इस प्रदर्शन में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके भी पहुंच गए, जिसके बाद विवेक सर ने साफ किया कि उनका कॉकरोच जनता पार्टी से कोई संबंध नहीं है और ये प्रोटेस्ट छात्रों का है। विवेक सर ने बताया कि उन्हें प्रदर्शन की एक रात पहले 11 जून को ही टूंडला रेलवे स्टेशन से उठा लिया गया था, जिसके बाद सुबह 11 बजे छोड़ दिया। इससे पहले इन्हीं टीचर्स की अगुवाई में 29 मई को भी मार्च निकाला गया था। प्रदर्शन को लीड कर रहे विवेक सर ने कहा कि सरकार को युवाओं की मांग को सुनना चाहिए, सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि वो बच्चों की बात सुनें। कॉकरोच जनता पार्टी के अभिजीत दीपके पर विवेक सर ने कहा कि लोग इस प्रदर्शन को कॉकरोच जनता पार्टी से बिल्कुल न जोड़ें। हमारा कॉकरोच जनता पार्टी से कोई मतलब नहीं है, हम अपने मुद्दे को नहीं भटकने देंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक पार्टी या फिर दूसरे लोगों से इस प्रदर्शन का कोई लेना–देना नहीं है। प्रदर्शन कर रहे टीचर्स ने कहा कि अगर कोई हमें समर्थन करना चाहता है तो हम उसका स्वागत करते हैं, लेकिन ये प्रदर्शन पूरी तरह से छात्रों का है।

# ''कांग्रेस में विलय का मन बना रहे ममता और पवार''



फरीद वारसी

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने देश की वर्तमान राजनीति को लेकर फिर एक बार बड़ा वाला बयान दिया है। उन्होंने संजय राउत के उस सुझाव का पुरजोर समर्थन किया है जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस से अलग होकर बनी सभी क्षेत्रीय पार्टियों को वापस कांग्रेस में शामिल हो जाना चाहिए। अशोक गहलोत का मानना है कि देश का लोकतंत्र इस समय बहुत बड़े खतरे में है। अपनी बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा मेरा मानना है कि कंट्री के अंदर डेमोक्रेसी बहुत खतरे में है। कांग्रेस के इस दिग्गज नेता गहलोत ने आगे कहा, कांग्रेस से अलग होकर क्षेत्रीय दल बनने वाली सभी पार्टियों को पुनः कांग्रेस में शामिल हो जाना चाहिए और पूरे दिल से राहुल गांधी को अपना नेता स्वीकार करना चाहिए। गौरतलब है कि बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस बड़ी टूट की कगार पर है। पार्टी के दो तिहाई विधायक और सांसद अलग गुट बनाने की कोशिश में जुटे हैं। टीएमसी में मची इस भगदड़ के बीच ममता बनर्जी के सामने पार्टी को बचाए रखने की चुनौती है। इस बीच दिल्ली में हुई विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद टीएमसी के कांग्रेस में विलय की चर्चा शुरू हो गई है। टीएमसी–कांग्रेस विलय की चर्चा को तब बल मिला जब इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद भी अभिषेक बनर्जी दिल्ली में बने रहे। अब महाराष्ट्र से भी कांग्रेस में क्षेत्रीय विपक्षी दलों के विलय की चर्चाएं तेज हो गई है। इन्हीं सबके बीच राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी यह कहा कि कांग्रेस से अलग हुए सभी दलों को एक साथ हो जाना चाहिए। मालूम हो कि महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता नाना पटोले ने कहा, शरद पवार और ममता बनर्जी कांग्रेस के साथ आने की मानसिकता बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश बचाने के लिए समविचारी दलों का एकजुट होना जरूरी है। नाना पटोले के अलावा शिवसेना सांसद संजय राउत का बयान भी सामने आया। संजय राउत ने कहा शरद पवार विपक्षी दलों के कांग्रेस में विलय की कमान संभाले। नाना पटोले और संजय राउत के बयान पर सुप्रिया सुले का बयान भी सामने आया। हालांकि सुप्रिया के बयान से भी चीजें स्पष्ट नहीं हुई। सुप्रिया सुले ने कहा, पहले बारिश तो होने दो, फिर देखेंगे छतरी लेनी है या रेनकोट। कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजय रथ को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन के भीतर अब एक बड़े महाविलय की सुगबुगाहट तेज हो गई है। कांग्रेस से अलग होकर प्रादेशिक स्तर पर अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करने वाले दलों को एक बार फिर कांग्रेस के छतरी के नीचे लाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इस संभावित विलय को लेकर कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के शीर्ष नेताओं की बयानबाजी ने यह साफ कर दिया है कि पर्दे के पीछे एक बड़ी राजनीतिक पटकथा लिखी जा रही है। यहीं कारण है कि इस पूरे सियासी घटनाक्रम पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने बेहद आक्रामक और स्पष्ट रुख अपनाया है। देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए नाना पटोले ने कहा, राष्ट्रवादी का, पवार साहब का प्रस्ताव, ऑलरेडी उन्होंने पहले ही दिया हुआ था और कुछ कारणों से उसमें देरी हुई थी। लेकिन, मुझे ऐसा लगता है कि अभी जो कुछ भी देश की राजनीति में चल रहा है... देश बेचा जा रहा है, देश की संवैधानिक व्यवस्था खत्म होती जा रही है। नाना पटोले ने आगे कहा कि ऐसे समय में वोटों का विभाजन जो बड़े पैमाने पर होता है, उसे रोकने के लिए, देश बचाने के लिए और देश का संविधान बचाने के लिए... जो कोई भी सेक्युलर धर्मनिरपेक्ष विचारों के दल हैं, उन सभी को एकजुट होना चाहिए। इस तरह की एक प्रक्रिया अब देश स्तर पर शुरू हुई है और उसी प्रक्रिया का हिस्सा है कि तृणमूल कांग्रेस हो या पवार साहब हों... ये सभी लोग अब कांग्रेस के ही साथ आने और विलय करने की मानसिकता और उस तरह का भाव अब हमें देखने को मिल रहा है। नाना पटोले से जब यह पूछा गया कि क्या कांग्रेस ने खुद इन प्रादेशिक दलों को विलय का कोई आधिकारिक प्रस्ताव दिया है, और क्या ये प्रस्ताव उद्धव गुट को भी दिया गया है? तो उन्होंने स्पष्ट







किया, नहीं, नहीं... यह ऑफर हमने किसी को नहीं दिया है, यह आपका गलत अंदाजा है। यह जो कुछ भी परिस्थिति है, उसका पवार साहब ने भी और सुप्रिया ताई ने भी उस पर उल्लेख किया है। तो यह प्रक्रिया शुरू है और सबको लगता है कि अब एकजुट होना चाहिए, वोटों का विभाजन रोकना चाहिए और देशहित के लिए व देश के संविधान के लिए कांग्रेस के साथ रहना चाहिए, इस तरह की कई राज्य स्तर के दलों में यह भूमिका शुरू हुई है। दूसरी तरफ, शिवसेना (यूबीटी) के फायरब्रांड नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने इस महाविलय को अमलीजामा पहनाने के लिए एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार के नाम का आगे किया है। संजय राउत का मानना है कि शरद पवार को छोटी पार्टियों का कांग्रेस में विलय कराने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार को कांग्रेस से अलग होकर अस्तित्व में आई छोटी पार्टियों को वापस कांग्रेस में विलय करने में नेतृत्व करना चाहिए। संजय राउत ने इस बात पर जोर दिया कि "ऐसे नेता हैं जो कांग्रेस और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों का हिस्सा रहे हैं, और वे आज भी उसी विचारधारा का समर्थन करते हैं। अगर यह कांग्रेस की विचारधारा एकजुट हो जाती है, तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक बड़ी चुनौती खड़ी कर देगी।" उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि "शरद पवार को इस संबंध में पहल करनी चाहिए। संजय राउत ने यह भी साफ किया कि देश में भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विकल्प खड़ा करने के लिए कांग्रेस को और मजबूत होना होगा, और इससे निकली छोटी पार्टियों के नेताओं को समय की नजाकत को समझना होगा।" हालांकि संजय राउत के इस बयान पर शिवसेना शिंदे गुट के मंत्री संजय शिरसाट ने कहा, संजय राउत यह तय करने वाले कोई नहीं होते कि कांग्रेस छोड़ने वालों को पार्टी में वापस आना चाहिए या नहीं, वह अपनी पार्टी पर ध्यान दें। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के संभावित विलय की चर्चाओं के बीच, शरद पवार की बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। सोनिया गांधी और ममता बनर्जी की कथित मुलाकात और विलय के ऑफर पर बात करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि वह उस बैठक में मौजूद नहीं थीं और न ही कांग्रेस या टीएमसी ने उनसे कुछ साझा किया है। हालांकि, संजय राउत के सुझावों का स्वागत करते हुए सुले ने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को अपने मन की बात कहने का अधिकार है। संजय राउत उनके भाई हैं और उनके सुझावों का सम्मान किया जाना चाहिए। ममता बनर्जी के प्रति एकजुटता दिखाते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी के साथ पूरी ताकत से खड़ी है और अब मामला अदालत में जाएगा, क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। उन्होंने .ढ़ता से कहा कि राजनीति में कोई कभी खत्म नहीं होता और ममता बनर्जी की विचारधारा को कोई समाप्त नहीं कर सकता। जब सुप्रिया सुले से सीधे शब्दों में पूछा गया कि यदि भविष्य में कांग्रेस की ओर से उनकी पार्टी को विलय का प्रस्ताव मिलता है तो उनका क्या स्टैंड होगा? इस पर उन्होंने अपने चिरपरिचित हल्के–फुल्के अंदाज में जवाब देते हुए कहा, ‘अभी बारिश हुई तो छतरी लूंगी या रेनकोट, पहले बारिश तो होने दो, उसके बाद देखते हैं।

# कांग्रेस ने शुरू की दबाव की राजनीति



शबाब हुसैन

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव अगले साल 2027 में प्रस्तावित हैं। 2017 के बाद से प्रदेश की सत्ता से बाहर चल रही प्रमुख विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए दो रणनीति बनाई हैं। उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों के लिए प्रभावशाली प्रत्याशियों की तलाश के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपनी देख–रेख में एक सर्वे करा रहे हैं। इस सर्वे में अखिलेश यादव का सहयोग कर रहे हैं उत्तर प्रदेश के पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन। सपा की दूसरी रणनीति यह है कि चुनाव की घोषणा से करीब दो यह तीन महीने पहले अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया जाए, ताकि उन्हें अपने संबंधित क्षेत्र में सक्रिय होने का समय मिल जाए। इसी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के साथ मिल कर लड़ने के संकेत दे चुके हैं। ऐसे में पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन कांग्रेस को गठबंधन के तहत 70 से 80 सीटें देने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। लेकिन वहीं दूसरी ओर जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो सपा के साथ मिल कर चुनाव लड़ने पर कांग्रेस में दो अलग–अलग विचार हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। राज्य की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने अपने–अपने समीकरण साधने और चुनावी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगी या फिर दोनों दल अलग–अलग मैदान में उतरेंगे। साथ ही सीटों के बंटवारे को लेकर भी तस्वीर साफ नहीं है। कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने के अनुसार कि कांग्रेस पार्टी की नजर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर है और पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनावी तैयारियों में जुटी है। बाकी केंद्रीय नेतृत्व का अंतिम फैसला होगा। अजय राय के बयान से यह संकेत मिलता है कि कांग्रेस फिलहाल सभी 403 सीटों पर अपनी तैयारी कर रही





है। हालांकि, गठबंधन को लेकर अंतिम फैसला क्या होगा, यह आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो पाएगा। अजय राय ने बताया कि कांग्रेस संगठन सृजन के माध्यम से बूथ स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब पार्टी जमीनी स्तर पर ताकतवर होगी, तभी कोई अन्य दल उनके पास आएगा। अजय राय ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने साफ किया कि सीटों को लेकर अभी तक कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। गठबंधन करना है या नहीं, इसका अंतिम फैसला पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व (आलाकमान) ही तय करेगा। उन्होंने जमीनी हकीकत को स्वीकारते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व जो भी फैसला लेगा, यूपी कांग्रेस उसके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि चुनाव में पार्टी की ताकत दिखेगी, तभी गठबंधन में बात बनेगी। फिलहाल अगले साल की शुरुआत में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव तक इंडिया अलायंस के तहत सपा और कांग्रेस साथ रहेंगे, ये देखना दिलचस्प होगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव बार बार गठबंधन क़ायम रखने की बात कहते हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर जब सवाल होता है तो अखिलेश यादव कहते हैं कि जीत ज़रूरी है, सीट नहीं।

## इमामिया एजुकेशन सोसाइटी के सालाना पुरस्कार का हुआ 17 वां संस्करण

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। शनिवार देर रात इमामिया एजुकेशन सोसाइटी ने अपने सालाना पुरस्कार वितरण समारोह का 17वां संस्करण आयोजित किया। कार्यक्रम में अलग–अलग प्रोफेशनल क्षेत्रों के मेहमान शामिल हुए, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को शिक्षा और उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के



प्रमुख स्कूल व मदरसों में 10वीं और 12वीं कक्षा के टॉपर्स और फर्स्ट डिवीजन पाने वाले छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया और उन्हें अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की खूबसूरती को उस समय देखा गया जिसमे सभी धर्मो के छात्र छात्राएं सम्मानित होते देखे गए। अक्षर देखा जाता है कि लोग अपने समाज से जुड़े लोगो के ही छात्रो को सम्मानित करते है लेकिन यहां 10वीं के टॉपर नोएल चौधरी और 12वीं के टॉपर अक्षत कुमार थे, जिन्हें कार्यक्रम में अन्य लोगों के साथ सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले मेहमान अमीर हैदर जैदी, रिटायर्ड जॉइंट कमिश्नर (सेल्स टैक्स) शाहनवाज हुसैन, डीएसपी पुलिस (मेरठ से रिटायर्ड) कमर हैदर, पूर्व चीफ मैनेजर, एनएसआईसीए रिजवान, कोऑर्डिनेटर टीएमटी द्वारा सभी छात्र छात्राओं को सम्भोदित करते हुए शिक्षा का महत्त्व बताया। इस कार्यक्रम के आयोजक एस एच मेहदी (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर भ्व्ब्स्), एस एम मेहदी (सीनियर मैनेजर) ने कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र छात्राओं के साथ आये परिजनों का आभार व्यक्त किया।

# बत्तीस वर्षो की सेवाओं को मिला सम्मान

## - 23 वरिष्ठ व्यापारी भामाशाह सम्मानित, चरण पखारकर लिया आशीर्वाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वावधान में रविवार को महेरा चुंगी स्थित शक्तिधाम मैरिज होम में भव्य वरिष्ठ व्यापारी भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पिछले 32 वर्षों से व्यापारी हितों एवं जनसेवा के लिए निरंतर संघर्षरत जिले के 23 वरिष्ठ व्यापारी भामाशाहों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री सचिन कंछल का इकाई के पदाधिकारियों ने फूल–मालाओं, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। समारोह का सबसे भावुक और प्रेरणादायी क्षण तब आया, जब जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का निर्वहन करते हुए मंच पर सभी 23 सम्मानित वरिष्ठ व्यापारियों के चरण पखारकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अनूठी पहल का उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि सचिन कंछल एवं जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने सभी वरिष्ठ व्यापारियों को



अंगवस्त्र एवं सम्मान–पत्र प्रदान कर उनके दशकों पुराने योगदान का सम्मान किया। अपने संबोधान में सचिन कंछल ने कहा कि व्यापारी समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जिन वरिष्ठ व्यापारियों ने पिछले 32 वर्षों तक संघर्ष कर आज के युवा व्यापारियों के लिए सुरक्षित और मजबूत वातावरण तैयार किया है, उनका सम्मान करना पूरे व्यापारी समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब–जब देश और समाज को आवश्यकता पड़ी, व्यापारी समाज ने भामाशाह बनकर आगे बढ़कर सहयोग किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला ने की, जबकि संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने किया। व्यापारी संवाद कार्यक्रम का संयोजन युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एके शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ मंत्री विवेक पोरवाल, जिला प्रभारी रवि पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष लालजी पोरवाल, भरथना अध्यक्ष राजन पोरवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लतीफ खान मंसूरी, अशोक पोरवाल, राकेश कुमार जैन, जिला महामंत्री रविकांत मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सदन पोरवाल, उमेश वर्मा, शैलेंद्र सिंह राजावत, अनवार हुसैन, बृजेश कुमार शर्मा, जिला संगठन मंत्री अवधेश कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में व्यापारी नेता, पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। समारोह में व्यापारिक एकजुटता, संगठन की मजबूती तथा वरिष्ठ व्यापारियों के योगदान को लेकर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए।

## यूपीपीएससी परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क

### – डीएम व एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज पुरुष/महिला प्रारंभिक परीक्षा–2025 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इसी क्रम में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, सघन चेकिंग, सीसीटीवी निगरानी, यातायात प्रबंधन, कानून–व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी भी स्तर पर अव्यवस्था, अनुचित गतिविधि अथवा परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित करने का प्रयास किया गया तो संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जनपद में परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

# डीएम ने संयुक्त चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## - मरीजों से लिया फीडबैक, परिवार नियोजन की काउंसलिंग के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। शासन के मंशानुरूप आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों की व्यवस्थाओं को परखा और वहां भर्ती मरीजों तथा उनके तीमारदारों से बातचीत कर चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का फीडबैक लिया।

जिलाधिकारी द्वारा आपातकालीन वार्ड, एनआरसी, एसएसएनसीयू, सिजेरियन वार्ड, सामान्य प्रसव वार्ड, आयुष्मान वार्ड, डेंगू वार्ड तथा जनरल वार्ड का सघन निरीक्षण किया गया। वार्डों में भर्ती मरीजों से जिलाधिकारी ने अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों द्वारा दिए जा रहे इलाज व व्यवहार के संबंध में जानकारी ली। सभी मरीजों द्वारा चिकित्सालय की सेवाओं के प्रति संतोषजनक फीडबैक दिया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने चिकित्सालय परिसर और वार्डों में उच्च स्तरीय साफ–सफाई बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि मरीजों के बेड की चादरें प्रतिदिन अनिवार्य रूप से बदली जाएं। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद दो पुरुष मरीजों से जिलाधिकारी ने बातचीत की, जिनमें से एक मरीज के चार बच्चे तथा दूसरे मरीज के सात बच्चे थे। इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए उन्होंने दोनों को परिवार नियोजन के महत्व के बारे में



विस्तार से समझाया। इसके साथ ही उन्होंने वहां उपस्थित डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले ऐसे सभी मरीजों की अनिवार्य रूप से काउंसलिंग की जाए और उन्हें परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और अच्छी शिक्षा पर ध्यान दिया जा सके। निरीक्षण में यह बात सामने आई कि सफाई व्यवस्था संभाल रही सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारी निर्धारित डेस कोड में नहीं थे। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने चिकित्सालय परिसर और वार्डों में उच्च स्तरीय साफ–सफाई बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि मरीजों के बेड की चादरें प्रतिदिन अनिवार्य रूप से बदली जाएं। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद दो पुरुष मरीजों से जिलाधिकारी ने बातचीत की, जिनमें से एक मरीज के चार बच्चे तथा दूसरे मरीज के सात बच्चे थे। इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए उन्होंने दोनों को परिवार नियोजन के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही उन्होंने वहां उपस्थित डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले ऐसे सभी मरीजों की अनिवार्य रूप से काउंसलिंग की जाए और उन्हें परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और अच्छी शिक्षा पर ध्यान दिया जा सके। निरीक्षण में यह बात सामने आई कि सफाई व्यवस्था संभाल रही सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारी निर्धारित ड्रेस कोड में नहीं थे। जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय के डॉक्टरों से वर्तमान में आ रहे मरीजों के संबंध में जानकारी ली गई। डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि इस समय मुख्य रूप से इन्फेक्शन, फूड पॉइजनिंग, बुखार और डायरिया के मरीज अधिक आ रहे हैं, जिनका समुचित इलाज किया जा रहा है। राहत की बात यह है कि वर्तमान में डेंगू अथवा हीट स्ट्रोक (लू) का कोई भी मरीज चिकित्सालय में भर्ती नहीं है। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में आने वाले हर मरीज को शासन की मंशानुसार निःशुल्क दवाएं और बेहतर इलाज समय से मिलना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

## शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु डॉ. हिमांशु सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं अनुकरणीय योगदान के लिए जिले के निवासी डॉ. हिमांशु शर्मा को भारत रत्न काशी महामना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वाराणसी स्थित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। यह सम्मान राष्ट्र, संस्‍तृति एवं समाज हित में किए जा रहे विशिष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। बीएचयू संस्था के पदाधिकारियों ने




बताया कि डॉ. हिमांशु शर्मा लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण योगदान देने के साथ–साथ सामाजिक जागरूकता एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, जिसे भारत की शैक्षिक एवं सांस्‍तृतिक धरोहर का प्रतीक माना जाता है, उसी ऐतिहासिक परिसर में यह सम्मान प्राप्त करना डॉ. हिमांशु शर्मा के लिए गौरव का विषय रहा। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदों, समाजसेवियों, साहित्यकारों एवं सांस्‍तृतिक क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में शिक्षा और समाज सेवा को एक साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व बहुत कम देखने को मिलते हैं। डॉ. हिमांशु शर्मा ने अपने कार्यों से यह सिद्ध किया है कि समर्पण, परिश्रम और सेवा भावना के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने डॉ. हिमांशु शर्मा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. हिमांशु शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज और शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्‍तृतिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रही। उपस्थित जनों ने डॉ. हिमांशु शर्मा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# मुमताज़ यतीम ख़ाना व अंजुमन में व्याप्त भ्रष्टाचार से बचाने के लिए चलाया जाएगा जन आंदोलन

## -इस्लामिया कॉलेज लालबाग में लखनऊ वासियों की बैठक

लखनऊ। लखनऊ की अंजुमन इस्लाह–उल–मुस्लिमीन का इतिहास और सेवा का सफ़र एक सदी से भी ज़्यादा





पुराना और शानदार रहा है। इसके संस्थानों और संपत्तियों की सुरक्षा, उन्हें बढ़ावा देना और उन्हें बचाए रखना लखनऊ के सभी लोगों की अहम ज़िम्मेदारी है। साथ ही, एसोसिएशन के कामकाज और उसमें हुई गड़बड़ियों को लेकर उठ रहे सभी सवालों और मुद्दों का समाधान करना भी ज़रूरी है। ज़िम्मेदार लोगों को बैठकर इस मामले को सुलझाना चाहिए और मुस्लिम समुदाय की चिंताओं और संदेहों को दूर करना चाहिए। इसके अलावा, अगर ज़रूरत पड़े तो इसकी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए एक जन–आंदोलन भी शुरू किया जाना चाहिए। ये विचार शहर के गणमान्य नागरिकों और आम सभा की एक अहम बैठक में वक्ताओं ने रखे। यह बैठक अंजुमन इस्लाह–उल–मुस्लिमीन की सुरक्षा, उसकी समिति के नए चुनाव और उसके संस्थानों को बढ़ावा देने के बारे में बुलाई गई थी। इस्लामिया कॉलेज लालबाग के लाइब्रेरी हॉल में हुई इस बैठक में सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक में मौजूदा समिति द्वारा उठाए गए उन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई जिनसे गड़बड़ियों और कुप्रबंधन का पता चलता है। खास तौर पर, हज़रतगंज में अंजुमन की कीमती संपत्ति से जुड़े पैसे के हेर–फेर का मामला और किरायेदार असमा हुसैन का पत्र, जिसमें उन्होंने 70 लाख रुपये दिए जाने का आरोप लगाया था, चर्चा का विषय रहे। इसके साथ ही, कमलापति त्रिपाठी के वारिसों (जो वहां किरायेदार थे और जिन पर केस किया गया था) को केस खारिज होने के बाद फिर से किरायेदार बनाए जाने और त्रिपाठी परिवार को किरायेदार बनाए रखने का मामला भी चिंता का विषय था। इसी तरह, निशातगंज कब्रिस्तान में बिना फीस लिए पांच खंभों वाले मकबरे के निर्माण और अंजुमन के रिकॉर्ड में इसकी कोई एंट्री न होने पर भी चिंता जताई गई। साथ ही, मुमताज़ इंटर कॉलेज के क्लासरूम को दुकान के तौर पर 35 लाख रुपये में बेचने की साज़िश पर भी चिंता ज़ाहिर की गई। वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा समिति के सचिवों के ज़रिए चुनाव से पहले एसोसिएशन की कार्यकारिणी में 190 नए सदस्यों को शामिल करने की साज़िश भी रची गई थी। जब एसोसिएशन समिति का कार्यकाल खत्म होने के बाद रजिस्ट्रार ऑफिस से इसकी फाइल हटाई गई, तो मौजूदा सचिव ने खुद ही हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर दी। जिन सदस्यों की सदस्यता खारिज कर दी गई थी, उन्हें तो चिंता होनी ही चाहिए, लेकिन मौजूदा सचिवों और उनके समर्थकों ने यह साबित कर दिया कि वे इन्हीं सदस्यों के ज़रिए नया चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे थे। यही वजह है कि उस लिस्ट को खारिज किए जाने के बावजूद, मौजूदा सचिवों ने अभी तक चुनाव नहीं कराए हैं, बल्कि वे जनता को गुमराह कर रहे हैं कि उन्हें हाई कोर्ट से श्स्टेसस को बनाए रखनेश (जंजने ुनव) का आदेश मिला है और चुनाव कराना कोर्ट की अवमानना घ्धमाना जाएगा। जबकि सच यह है कि हाई कोर्ट ने रजिस्ट्रार ऑफिस से खारिज किए गए नए सदस्यों की लिस्ट पर श्स्टेटसश (यथास्थिति) बनाए रखने का आदेश दिया है, यानी उसने उन्हें खारिज माना है, लेकिन वे मौजूदा सचिव, अध्यक्ष, पूरी कमेटी और पूरे एसोसिएशन को गुमराह कर रहे हैं। नतीजा यह हुआ कि न सिर्फ़ एसोसिएशन का कार्यकाल खत्म हो गया, बल्कि पिछले साल 9 अक्टूबर को इसके रजिस्ट्रेशन की अवधि भी खत्म हो गई। इतना ही नहीं, मौजूदा पदाधिकारियों ने एक तरफ़ तो यह साफ़ किया कि वे हाई कोर्ट के आदेश की वजह से चुनाव नहीं करा रहे हैं, दूसरी तरफ़ उन्होंने रजिस्ट्रार ऑफिस में 5 अक्टूबर 2025 को जनरल असेंबली की एक नकली बैठक दिखाकर नई कमेटी के चुनाव की लिस्ट भी जमा कर दी। इस तरह, न तो कमेटी का चुनाव हुआ और न ही हाई कोर्ट से कोई आदेश जारी हुआ। इसी तरह, किराएदारी ट्रांसफर करने का काम तेज़ी से करने वाली और नियमों के तहत एसोसिएशन की आमदनी और किराएदारी का काम देखने वाली किराएदार कमेटी को भी झटका लगा। अमीनाबाद में एसोसिएशन की प्रॉपर्टी पर कब्ज़ा करने वाले किराएदार को भी किराएदार मान लिया गया, जिससे एसोसिएशन को भारी नुकसान हुआ। बैठक में शामिल लोगों ने सिप्पा कब्रिस्तान के गार्डन एरिया में बन रही दुकानों के बारे में भी बताया कि इस इलाके में पहले ही 32 दुकानें बन चुकी थीं और दूसरे दौर में एसोसिएशन की मैनेजमेंट काउंसिल की मंजूरी से 16 और दुकानें बनाई गईं। मौजूदा पदाधिकारियों ने स्व। में नक्शा पास कराने के सिलसिले में एक हलफ़नामा और अर्ज़ी भी दाखिल की है। इसलिए, सभी लोग इस बात पर सहमत हुए कि एसोसिएशन की नई कमेटी का जल्द ही औपचारिक रूप से चुनाव होना चाहिए और कमेटी को नियमों और कानून के तहत अपनी ज़िम्मेदारियाँ निभानी चाहिए। बैठक की अध्यक्षता मौलाना मुहम्मद मुस्तफ़ा मदनी नदवी ने की। बैठक में डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी ने कई बिंदुओं और दो दिन पहले अध्यक्ष द्वारा जमा किए गए हलफनामे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ वकील मुश्ताक अहमद सिद्दीकी, मौलाना मुहम्मद सुफियान निजामी, कारी फजले मनान, अतहर सिद्दीकी, असद रिज़वी और मौलाना ज़की नूर अज़ीम नदवी ने भी अपनी बात रखी। आखिर में, अध्यक्ष मौलाना मुस्तफा मदनी ने कहा कि इन मुद्दों को आपसी बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। बैठक में यह भी कहा गया कि यह आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा। बैठक में तारिक खान साहब, तारिक नफीस साहब, सईद हसन सिद्दीकी साहब, इरशाद अहमद कमर साहब, मौलाना फ़िरोज़ नदवी साहब, सैयद हुसैन हाशमी साहब, राशिद सिद्दीकी साहब, मुकित खान, वकील मुख्तार साहब, मसूद अहमद जर्नलिस्ट के साथ–साथ शहर के कई गणमान्य व्यक्ति और आम लोग शामिल हुए। बैठक का संचालन मुहम्मद गुफरान नसीम ने किया। संयोजक मसूद आलम जिलानी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इंतखाब जिलानी आदि ने स्वागत किया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जॉच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, ऑखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन ऑख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा ऑखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व ऑखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। ऑख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलील अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440676

## मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, प्रतिभाओं को किया प्रोत्साहित



न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित मेधावी छात्र–छात्राओं के सम्मान समारोह में विभिन्न विद्यालयों के उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का आधार है और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सोसायटी पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव, जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। काजीपुरा गांव में शनिवार को एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला का शव उसके घर के कमरे में लटका मिलने पर परिवार में मातम छा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान मोनिका (26) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही उसके मायके वाले भी गांव पहुंच गए। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले की सूचना पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

## पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

न्यूज वाणी ब्यूरो

शेरकोट, बिजनौर। गांव मिर्जापुर में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से ग्रामीणों में दहशत का कारण बना गुलदार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पकड़े जाने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार गुलदार पिछले कई दिनों से आबादी के आसपास घूम रहा था और पशुओं को अपना शिकार बना रहा था। इसके चलते लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में पिंजरा लगाया था, जिसमें रविवार को गुलदार फंस गया। मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करने में सहयोग किया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद गुलदार को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाएगा। गुलदार के पकड़े जाने से गांव और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने राहत महसूस की है।

## कार ब्रेकर से उछलकर गड्ढे में गिरी, चार लोग बचे

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। हाईवे पर एक कार ब्रेकर से उछलकर सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरी। हादसे के समय कार में चार लोग सवार थे। दुर्घटना में सभी लोगों को मामूली चोटें आईं, जबकि बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज गति से जा रही थी। ब्रेकर पर पहुंचते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में सवार लोगों को बाहर निकलवाया। सभी की हालत सामान्य बताई गई है। बाद में क्रेन की सहायता से कार को गड्ढे से बाहर निकाला गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर हमला, महिलाओं समेत पांच घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो



चांदपुर, बिजनौर। सराय रफी मोहल्ले में मकान कब्जे के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक संघर्ष हो गया। आरोप है कि 20 से अधिक लोग एक घर का गेट तोड़कर अंदर घुस गए और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। घटना में महिलाओं समेत करीब पांच लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष के अनुसार हमलावरों ने डॉ. हारून के घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया और परिवार के लोगों को लाठी–डंडों से पीटा। घटना के दौरान हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में चर्चा का माहौल हैं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विकास खंड चितौरा में जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के संकल्प तथा अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खण्ड चितौरा में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, उद्यान, .षि विपणन, .षि विदेश व्यापार एवं .षि निर्यात विभाग व प्रभारी मंत्री जनपद दिनेश प्रताप सिंह ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले के शुभारम्भ के पश्चात प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने अतिथियों एवं अधिकारियों के साथ जनकल्याण शिविर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, .षि विभाग, उद्योग विभाग, चिकित्सा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, बैंक विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, नगर विकास, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पंचायती राज विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का का अवलोकन कर आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री ने आईसीडीएस के कैम्प में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों का अन्नप्रासन कराया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जबकि जिलाधिकारी मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्तागण द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों, जनहितकारी योजनाओं तथा गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार, आर्थिक सशक्तिकरण तथा आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्राप्त हुए हैं। महिलाओं ने कहा कि सरकार की योजनाओं से उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है तथा वे परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में एक किसान प्रतिनिधि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए .षि क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने आधुनिक .षि तकनीकों, उन्नत बीजों, सिंचाई सुविधाओं तथा किसान कल्याण योजनाओं से किसानों को मिल रहे लाभों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से .षि उत्पादन बढ़ा है और किसानों की आय में वृद्धि हुई है। जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की सहभागिता रही। आयोजन का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के अनुसार एक पेड़–माँ के नाम अभियान के तहत सहजन पौध का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान भी किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत 14 से 16 जून तक ब्लाक मुख्यालयों पर जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।



# व्यापारियों के साथ दोहरा मापदंड बर्दाश्त नहीं : सचिन कंछल

## - व्यापारी संवाद कार्यक्रम में बिजली दरों को लेकर सरकार और विभाग पर उठाए सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री सचिन कंछल ने विद्युत विभाग की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि व्यापारियों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए बिजली के अलग–अलग मापदंड बनाए गए हैं, जो न्यायसंगत नहीं हैं। भरथना चौराहा स्थित युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिन कंछल ने कहा कि देश और प्रदेश की करोड़ों आबादी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला व्यापारी समाज आज भी विभिन्न प्रकार की प्रशासनिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद व्यापारियों द्वारा उपयोग की जाने वाली बिजली पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाता है, जो अनुचित है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन चलाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री के रूप में पहली बार इटावा आगमन पर व्यापारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। व्यापारी संवाद कार्यक्रम का संयोजन युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. ए.के. शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ मंत्री विवेक पोरवाल, जिला प्रभारी रवि पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष लालजी पोरवाल, भरथना अध्यक्ष राजजन पोरवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लतीफ खान मंसूरी, अशोक पोरवाल, राकेश कुमार जैन, जिला महामंत्री रविकांत मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सदन पोरवाल, उमेश वर्मा, शैलेंद्र सिंह राजावत, अनवार हुसैन, बृजेश कुमार शर्मा, जिला संगठन मंत्री अवधेश कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में व्यापारी नेता एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में व्यापारियों की समस्याओं, बिजली दरों, व्यापारिक हितों तथा संगठन की आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित व्यापारियों ने एकजुट होकर व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।




# प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर पीढ़ियों के लिए बनाएं बेहतर भविष्य : सुजीता

## - कम तेल, कम ईंधन जन-जागरूकता अभियान शामिल हुई राज्य महिला आयोग की सदस्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। खीरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कम तेल, कम ईंधन के प्रेरणादायी आह्वान को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित जन–जागरूकता अभियान में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने सहभागिता की।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कम तेल, कम ईंधन अभियान केवल ऊर्जा संरक्षण का संदेश नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जन–आंदोलन है। हमें अपने दैनिक जीवन में संतुलित आहार, ऊर्जा की बचत तथा प्रा.तिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना चाहिए। कार्यक्रम में मातृशक्ति द्वारा बिना तेल एवं बिना गैस के तैयार किए गए अनेक पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। इन नवाचारपूर्ण प्रयासों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने तथा समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाने का प्रेरक संदेश दिया। उपस्थित जनसमूह ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री के आह्वान को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों से आह्वान किया गया कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित भारत के संकल्प को जन–आंदोलन का स्वरूप प्रदान करें तथा ऊर्जा संरक्षण, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू लता श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, जिला उपाध्यक्ष रामजी मौर्य, जिला महामंत्री राजेश सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



# हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलते तीन गिरफ्तार

## – माल–फड़ व जामातलाशी के कुल 68350 रुपये एवं 52 ताश के पत्ते बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु



चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे तीन अभियुक्तों को गिरतार किया गया। गौरतलब हो कि 13/14 जून की देर रात्रि थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डिंगवाही गांव में नाले के समीप कुछ व्यक्ति हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर छापेमारी करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरतार किया गया। मौके से माल फड़ व जामा तलाशी के रुपये एवं ताश के पत्ते बरामद हुए। पकड़े गए अभियुक्त महेश कुमार उर्फ पुत्र धनीराम निवासी छावनी थाना कोतवाली नगर, राजकिशोर पुत्र रामसेवक निवासी करछा थाना मटौंध, बैजनाथ पुत्र सुखदेव निवासी डाडीपुरवा महोखर थाना कोतवाली देहात के विरुद्ध मु0अं0सं0 305/26 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम थाना कोतवाली नगर पंजीकृत किया गया। पकड़ने वाली टीम उत्कर्ष सिंह चौकी प्रभारी अतर्रा चुंगी, कां0 चन्द्रपाल सिंह, कां0 इन्द्रपाल सिंह, कां0 सत्यम गुर्जर, कां0 रविन्द्र कुमार, कां0 जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की नई कार्यकारिणी गठित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की वार्षिक बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष कैप्टन पीतांबर सिंह की अध्यक्षता में फतेहपुर–जोनिहा मार्ग स्थित दीप गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर





माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन किया। हाल ही में हुए विमान हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन की परंपरा के अनुसार परिषद गीत के गायन के बाद बाहर एवं जिले से आए हुए सदस्यों का सम्मान किया गया। बैठक में उपस्थित मातृ शक्तियों का विशेष सम्मान करते हुए उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया गया। मातृ शक्ति प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुमन श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विक्रम सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व सैनिक देश की अमूल्य धरोहर हैं और राष्ट्र निर्माण के साथ–साथ समाज सेवा में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने संगठन द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यों की सराहना की। बैठक में जिलाध्यक्ष कैप्टन पीतांबर सिंह ने संगठन द्वारा वर्षभर में किए गए कार्यों, उपलब्धियों, सदस्यता विस्तार अभियान तथा विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही संगठन का आय–व्यय एवं वार्षिक लेखा–जोखा भी सदन के समक्ष रखा गया। इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी के गठन की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष कैप्टन लालजी श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने संगठन की आगामी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन के विकास तथा पूर्व सैनिकों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव रखे। अंत में किसी प्रकार का कोई प्रश्न या सुझाव शेष न रहने पर जिला अध्यक्ष द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई। दीप गार्डन प्रबंधन की ओर से सभी उपस्थित लोगों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा उनके परिवारजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# गरीब कल्याण व सामाजिक उत्थान को समर्पित 12 साल बेमिसाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, बाबागंज। विकास खण्ड नवाबगंज स्थित सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूरे होने पर जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए कार्यक्रम



में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने कहा कि सरकार ने 12 साल में बिना भेदभाव ऐतिहासिक कार्य किये हैं और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया है हम सभी मोदी जी के आभारी हैं इसी क्रम में एसपी सिंह ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के मुद्दे पर काम कर रही है और मोदी सरकार ने 12 साल में पूरे देश में करोड़ो लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाली कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है दुर्गेश वर्मा ने कहा कि सरकार ने हमे सम्मान दिया है अतः हमें भी सरकार का साथ देकर सम्मान करना चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीओ पंचायत नवाबगंज, सुरेंद्र शुक्ला, छेदा खान, राजेश सिंह, रामनिवास वर्मा, रमाकांत तिवारी सहित सभी विभागों के प्रमुख, पंचायत सचिव, समूह की महिलाएं एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय तिवारी ने किया।

# कांग्रेसियों ने सेढू तलैया बसंतनगर का किया दौरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। वार्ड नम्बर 20, मोहल्ला सेढू तलैया/बसन्त नगर का कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने साथियों सहित दौरा किया व उक्त क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से रूबरू हुए। उक्त क्षेत्र की गली–मिट्टी की होने के कारण वर्षा होने पर कीचड़ की समस्या से लोग जूझते हैं, मोहल्लावासियों, राहगीर परेशान व बीमार हो रहे हैं। लगातार जानकारी मिल रही है कि मोहल्ला सेढू तलैया/बसन्त नगर मे वर्षा होने पर पानी लोगों के घरों व सड़क



में फैलता है, लोगों का आवागमन मुश्किल हो जाता है, लोग बीमार हो जाते हैं। उक्त क्षेत्र में तत्काल आरसीसी गली व नालियों का नव निर्माण कराकर समस्या का निवारण/निस्तारण आवश्यक है, उक्त क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है जिससे बीमारियां भी हो रही हैं, मौके में डाक्टरों की टीम भेजकर बीमारियों से बचाव हेतु लोगों का उपचार कराया जाए, एवं प्रदूषण नियन्त्रण किया जाए। मोहल्ला सेढू तलैया/बसन्त नगर में संक्रामक बीमारियों से लोग ग्रसित हो चुके हैं, कोई न कोई अपने घर में बीमार है, जिन्हें किसी भी प्रकार की चिकित्सा मुहैय्या नहीं कराई जा रही है। मोहल्ले वासियों द्वारा बार–बार प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को उक्त समस्याओं से जरिए प्रार्थना पत्र अवगत कराया गया लेकिन अभी तक समस्या ज्यों की त्यों है, बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं, जिससे उनका उज्जवल भविष्य अन्धकारमय है। वर्षा होने पर जलभराव की समस्या के कारण पूजा व इबादत तक के लिए लोग नहीं जा पाते हैं। उक्त समस्या का निदान अति आवश्यक है तत्पश्चात कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित साथियों सहित वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र द्विवेदी शिल्लू के पिता के स्वर्गवास और अवधेश कपूर (शंकर मेडिकल स्टोर वाले) की पत्नी के स्वर्गवास होने पर उनके निज निवास पहुंचकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का शोक संवेदना संदेश पत्र देकर मृत आत्मा को शान्ति व परिजनों को धैर्य प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। दिनेश कुमार शुक्ला लाला (लाला मेडिकल स्टोर) का एक्सिडेंट होने पर उनके निज निवास पहुंचकर कुशल क्षेम पूछा। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के साथ में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, जिला कांग्रेस कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, आरिफ निजामी, लालबाबू राजपूत, अनवर हुसैन, सैफ अली, मोहम्मद रईस, मोहम्मद नौशाद, सलीम भाई, वजीर खान, आबिद मियां उपस्थित रहे।

# रिपोर्टर को फेसबुक पर जान से मारने की धमकी, एसपी से गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो



बिजनौर। रिपोर्टर राजवीर चौधरी को फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि यह धमकी कुणाल चौधरी नाम की फेसबुक आईडी से भेजी गई। पत्रकार का आरोप है कि समाचार प्रसारित किए जाने से नाराज होकर उन्हें धमकी दी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए राजवीर चौधरी ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से शिकायत की। शिकायत में उन्होंने धमकी देने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने मामले की जांच सीओ सिटी अभय पांडेय को सौंप दी है। पुलिस फेसबुक आईडी और भेजे गए संदेशों की जांच कर रही है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पत्रकार संगठनों ने भी मामले को गंभीर बताते हुए दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# शिकोहाबाद में वृहद शिविर का हुआ आयोजन

## - जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 150 लाभार्थियों का हुआ पंजीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित स्वर्णिम कार्यकाल के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्राथमिकताओं के आधार पर आज विकास खंड शिकोहाबाद के परिसर में 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के थीम पर एक वृहद एवं भव्य जनसंवाद तथा लाभार्थी पंजीकरण शिविर का अत्यंत सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त लोक–कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सीधे पहुँचाने की प्रशासनिक प्रतिबद्धता दोहराई गई। जिलाधिकारी के विशेष निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस विशेष शिविर की अध्यक्षता महानगर उपाध्यक्ष विष्णु सक्सेना द्वारा की गई. शिविर में बतौर प्रमुख प्रतिनिधि विजय बृजेश एवं नगर अध्यक्ष शिवम दीक्षित सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संगठन के समस्त सम्मानित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर पर खंड विकास अधिकारी शिकोहाबाद सहित विभिन्न संबद्ध विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के तहत पारदर्शिता और तत्परता के साथ आमजन की समस्याओं



का निस्तारण किया एवं उन्हें शासकीय योजनाओं से आच्छादित कराया। आयोजित वृहद शिविर में विभिन्न विकासपरक एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के अंतर्गत अलग–अलग विभागों द्वारा अपने स्टॉल स्थापित कर जनता को सीधे लाभान्वित किया गया। समेकित प्रयासों के फलस्वरूप शिविर में लगभग 150 पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही नया पंजीकरण सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही पूर्व से संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को उनके स्वी.त पत्रों एवं विभिन्न कल्याणकारी लाभों का वितरण कर शासन की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। शिक्षा, पंचायत, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, प्रोवेशन, समाज कल्याण, राशन विभाग तथा पशुपालन सहित कुल 10 से अधिक प्रमुख विभागों के संयुक्त स्टॉलों के माध्यम से लगभग 150 नए पात्र लाभार्थियों का त्वरित पंजीकरण पूर्ण किया गया. शिविर में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फैमिली आईडी के निर्माण एवं .षकों की तकनीकी प्रगति के लिए फार्मर रजिस्ट्री हेतु विशेष काउंटर स्थापित कर दर्जनों परिवारों व किसानों को डिजिटल डेटाबेस से जोड़ा गया। मनरेगा योजना के तहत नए जॉब कार्ड जारी करने तथा मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के अंतर्गत पात्र परिवारों के आवेदनों की स्क्रूटनी कर उन्हें त्वरित पक्के आवास की सुविधा से जोड़ने की प्रक्रिया को गति दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के साथ–साथ आंगनबाड़ी विभाग द्वारा बच्चों व गर्भवती महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित जागरूकता एवं अनुपूरक पुष्टाहार योजनाओं के स्टॉल लगाकर जन–जन को जागरूक किया गया। समाज कल्याण एवं प्रोवेशन विभाग द्वारा वृद्धजन, दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उनके आवेदनों को ऑनलाइन फीड कराया गया। शिविर की अध्यक्षता कर रहे महानगर उपाध्यक्ष विष्णु सक्सेना एवं समस्त उपस्थित पदाधिकारियों ने विकास खंड परिसर में लगी भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया और जिलाधिकारी के इस संवेदनशील एवं जनहितैषी कदम की भूरि–भूरि प्रशंसा की. वक्ताओं ने कहा कि जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में जनपद का प्रशासनिक अमला निरंतर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक पहुँचकर सरकार की विकास नीतियों का सीधा लाभपारदर्शी ढंग से जनता तक पहुँचा रहा है, जिससे आमजन मानस के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार आ रहा है।

# राजस्थान-हरियाणा से 18 बाल-बंधुआ मजदूर मुक्त

## - असंगठित मजदूर मोर्चा की पहल रंग लाई, ईंट भट्ठों पर चल रही थी क्रूरता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। असंगठित मजदूर मोर्चा और लेबर डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रयासों से जनपद के 18 बाल एवं बंधुआ मजदूरों को राजस्थान और हरियाणा के ईंट भट्ठों से मुक्त कराया गया है। सभी मजदूर अनुसूचित जाति समुदाय से हैं और महीनों से बंधक बनाकर रखे गए थे। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगार के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने कार्रवाई कर इन्हें छुड़ाया। दो राज्यों के ईंट भट्ठों से कराए गए आजाद मुक्त कराए गए मजदूरों में 6 मजदूर राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की रावला मंडी स्थित गणेश ब्रिक्स कंपनी से और 12 मजदूर हरियाणा के रेवाड़ी जिले के जाडरा गांव स्थित भगत जी ईंट भट्ठा से आजाद हुए। दोनों जगह मजदूरों से जबरन काम कराया जा रहा था। राजस्थान में फंसे मजदूर नीरज ने बताया कि नवंबर 2025 में ठेकेदार पहलवान उर्फ प्रदीप कर्ज/एडवांस का लालच देकर ट्रक से श्रीगंगानगर ले गया था। वहां बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं। विरोध पर मालिक सुखबीर और ठेकेदार ने लाखों का कर्ज बताकर धमकाया। घर जाने पर मारपीट, गाली–गलौज और



बच्चों समेत भट्ठे में झोंककर जलाने की धमकी दी जाती थी। हरियाणा में फंसे रमेश व अन्य 3 परिवारों के 12 लोगों को भी जमादार दिलीप नवंबर 2025 में एडवांस देकर ले गया था। कर्ज चुकाने के बाद भी मजदूरी नहीं दी गई और बिना पैसे के काम कराया जा रहा था। 4–5 जून 2026 को मामले की जानकारी मिलने पर मोर्चा ने परिवारों से संपर्क किया। 8 जून को दल सिंगार ने राजस्थान, हरियाणा और यूपी के मुख्य सचिव, श्रम आयुक्त, तीनों जिलों के डीएम–एसपी और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम 1976, इंटरस्टेट माइग्रेंट वर्कमैन एक्ट 1979, एससी–एसटी एक्ट और न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए पत्र भेजा। 10–11 जून को स्मरण पत्र भेजने और अधिकारियों से बात के बाद 12 जून को टीम गठित कर सभी 18 मजदूरों को मुक्त कराया गया। 14 जून को सभी मजदूर बबेरू, बांदा पहुंच गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगार ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बंधुआ मजदूरी कानून का ठीक से पालन नहीं किया। मजदूरों को बिना सुरक्षा और बिना मुक्ति प्रमाण पत्र के ही घर भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के मजदूरों की स्थिति दयनीय है, पर प्रशासन स्थानीय रोजगार के लिए कुछ नहीं कर रहा। षबड़े उद्योगपतियों और किसानों का कर्ज माफ हो सकता है, तो मजदूरों का क्यों नहीं? सरकार चुनने में सबसे ज्यादा भागीदारी असंगठित मजदूरों की है, फिर भी उनके कानून की धज्जियां उड़ती हैं। लेबर डेवलेपमेंट फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवानदास सिंह यादव ने कहा कि मुक्त मजदूरों का पुनर्वास न होने से पलायन मजबूरी है। प्रशासन समय पर पुनर्वास और बच्चों को शिक्षा से जोड़े तो बाल–बंधुआ मजदूरी रुकेगी।

# सेना के विशिष्ट सम्मान से बढ़ा जिले का गौरव

## - वेटरन्स अचीवर्स अवॉर्ड मिलने पर सूबेदार मेजर रघुराज सिंह का भव्य सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा सेना के प्रतिष्ठित वेटरन्स अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर सूबेदार मेजर रघुराज सिंह का भारतीय पूर्व सैनिक लीग के तत्वावधान में सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय (सोल्जर बोर्ड) परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने उनका अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद जितेन्द्र दोहरे ने कहा कि सेना अध्यक्ष द्वारा प्रदान किया गया यह विशिष्ट सम्मान केवल रघुराज सिंह ही नहीं, बल्कि पूरे इटावा और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से प्रदेश के पूर्व सैनिकों में उत्साह और गर्व का वातावरण है। भारतीय पूर्व सैनिक लीग के महामंत्री सूबेदार मेजर . पाल सिंह ने बताया कि रघुराज सिंह ने भारतीय सेना में 30 वर्षों तक उत्.ष्ट सेवाएं देने के बाद वर्ष 2015 में सेवानिवृत्ति ली। इसके बाद भी उन्होंने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं जरूरतमंद सैनिक परिवारों की सहायता का कार्य निरंतर जारी रखा। विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से उन्होंने लगभग एक हजार पूर्व सैनिकों को पुनः रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी उत्.ष्ट सेवाओं से प्रभावित होकर सेना अध्यक्ष ने लखनऊ स्थित कमांड मुख्यालय में आयोजित समारोह में उन्हें वेटरन्स अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया। सम्मान समारोह में भारतीय पूर्व सैनिक लीग के कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर बृजेश कुमार, उपाध्यक्ष कैप्टन महावीर सिंह, कैप्टन अरुण यादव, कैप्टन लायक सिंह यादव, कैप्टन अरविंद यादव, कैप्टन अनिल यादव, सूबेदार के.पी. सिंह, सूबेदार इलाकेदार, सूबेदार रामविलास, सूबेदार नेम



सिंह, रामदास यादव, नगर अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, आशुतोष शर्मा, समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ. हरिशंकर पटेल, सामाजिक विकास सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेटिनेंट इलाकेदार यादव, किसान यूनियन लोकशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव सहित अनेक पूर्व सैनिक, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक शामिल हुए। सभी ने रघुराज सिंह को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की। पूरे समारोह के दौरान भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा रहा।

# आस्था ने साइंस घर में चन्द्रयान के क्रियाशील मॉडल का किया प्रस्तुतिकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में समर में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में



प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें चौदहवें दिवस पर कक्षा 12 की छात्रा कु आस्था ने अपने चन्द्रयान के क्रियाशील मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि यह मॉडल चंद्रयान–3 मिशन पर आधारित है, जो भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान के इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल सॉट लैंडिंग कर विश्व में नया इतिहास रचा। इसके साथ ही भारत चंद्रमा पर सफल सॉट लैंडिंग करने वाला विश्व का चौथा देश तथा दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में पहुँचने वाला पहला देश बना। इस मॉडल के माध्यम से चंद्रयान–3 के प्रमुख भागों, जैसे लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान की कार्यप्रणाली को प्रदर्शित किया गया है। यह मॉडल दर्शाता है कि किस प्रकार वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम, आधुनिक तकनीक और .ढ़ संकल्प के बल पर भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में यह गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की। यह मॉडल विद्यार्थियों में विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करने के साथ–साथ उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा भी प्रदान करेगा। अश्वनी कुमार जैन ने आस्था के चन्द्रयान के क्रियाशील मॉडल के कलात्मक एवं रचनात्मक मॉडल के प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# साहब की कलम पर रसूखदार का कब्जा

न्यूज वाणी ब्यूरो

तालगांव, सीतापुर। जिले की विकास खंड परसेंडी अपने भ्रष्टाचार के लिए काफी चर्चा में बनी हुई है ब्लॉक के साहब अपनी मर्जी से कुछ करने से बचते हैं बाहरी जिले से एक रसूखदार के कहने पर ही अपनी कलम चलाते हैं। सूत्रों की माने तो बाहरी जिले से आए एक रसूखदार ने परसेंडी ब्लॉक पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया है रसूखदार के कहने पर ही खंड विकास अधिकारी परसेंडी कार्य का भुगतान करते हैं। रसूखदार अपने चहेते लोगों की फार्म पर ही भुगतान कराते हैं। जिला कारागार मंत्री सुरेश राही




के सख्त रुख अपनाने के बाद भी जिले स्तर से रसूखदार अपने कामों को अंजाम देते रहते हैं। ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी रसूखदार के दबाव में आकर कार्य करते हैं। जहां आम जनता को महज परिवार रजिस्टर की नकल निकलवाने में काफी झंझट का सामना करना पड़ता है। वही रसूखदार के एक इशारे पर लाखों रुपए का पेमेंट चहेते लोगों की फर्मों पर हो जाता है क्षेत्रीय नि. वर्तमान विधायक ने ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत की मीटिंग के दौरान भी कहा था कि अधिकारी व कर्मचारियों को ईमानदारी से कार्य करना होगा पर रसूखदार के दबाव में अधिकारी व कर्मचारी ईमानदारी एवं शिष्टाचार से काम नहीं कर पा रहे हैं। ब्लॉक में सचिओ को क्लस्टर देना एवं किसी भी कार्य का भुगतान कराना हो तो वही होता है जो रसूखदार चाहते हैं। परसेंडी ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी के चक्कर में यह रसूखदार पिछले कई वर्षों से सीतापुर में अपना अंगद पैर जमाए हुए हैं। इस रसूखदार की जड़े परसेंडी ब्लॉक में इस तरीके से फैली हुई है कि किसी भी कार्य के भुगतान का कमीशन पहले जमा करने पर भुगतान कर दिया जाता है। यह रसूखदार अपने आपको कई बड़े अवधे के नेताओं का खास बताता है जिसके चलते भ्रष्टाचारी अधिकारी व कर्मचारी दबाव में रहते है। रसूखदार नैपालापुर में रहकर कसरैला के एक चर्चित ठेकेदार के साथ मिलकर भ्रष्टाचार को अंजाम देता है। क्षेत्र में चर्चाएं ये भी है कि एक पूर्व में तैनात तकनीकी सहायक (जेई) को रसूखदार व कसरैला के चर्चित ठेकदार के इसारे पर काम न करने पर जांच एवम मुकदमा का सामना करना पड़ा था। रसूखदार कभी ब्लॉक पर नहीं आता है फिर भी सभी कार्यो को जिले स्तर पर ही बैठकर कसरैला के ठेकेदार के द्वारा संभालता है।

# घरेलू कलह के चलते युवक ने खाया जहर, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के जमैनी मजरे सहबसी गांव में परिवारिक कलह के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया तो वहीं रास्ते में उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जमैनी मजरे सहबसी गांव निवासी दुर्गा प्रसाद मिश्रा के 40 वर्षीय पुत्र रमेश मिश्रा ने परिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत करने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए बहुआ सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस में मृतक के शव को कब्जे के लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अनियंत्रित बाइक गिरने से युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे–2 के बिलन्दा बाईपास पर अनियंत्रित बाइक गिरने से सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हसवा कस्बा निवासी राम अधार का 27 वर्षीय पुत्र राम बाबू बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए जा रहा था। जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 2 के बिलन्दा बाईपास पर पहुंची तभी बाइक अनियंत्रित होकर रोड पर गिर गई। जिससे बाइक चालक राम बाबू गम्भीर रूप से घायल हो गया। फोन कर घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स ने घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया।

# फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के कुशुम्भी गांव में घर के बाहर तालाब किनारे लगे आम के घर पर युवक ने संदिग्ध अवस्था मे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दिया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कुशुम्भी गांव निवासी स्वर्गीय बाबूलाल के 25 वर्षीय पुत्र रंजीत ने संदिग्ध अवस्था में घर के बाहर तालाब किनारे लगे आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिसकी जानकारी परिजनों को भी तो घर में कोहरा मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# शटरिंग लगाते समय कारीगर छत से नीचे गिरकर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधा नगर थाना क्षेत्र के अस्ता गांव में निर्माण धीन मकान में शटरिंग लगाते समय कारीगर छत से नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बिलंदपुर गांव निवासी सुरेंद्र का 36 वर्षीय पुत्र अंशु जो शटरिंग कारीगर है। वह आज सुबह थाना क्षेत्र के अस्ता गांव में निर्माण धीन मकान में शटरिंग लगा रहा था। तभी उसका बैलेंस बिगड़ा और वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी साथियों को हुई तो तुरंत फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# राज्यमंत्री ने अग्निपीड़ित परिवारों को बांटी राहत सामग्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विजयीपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम चांदपुर एवं मडौली में हाल ही में हुई अग्निकांड की घटना से प्रभावित परिवारों को प्रदेश सरकार की ओर से राहत पहुंचाई गई। जानकारी मिलते ही राज्यमंत्री .ष्णा पासवान प्रभावित गांवों में पहुंचीं और पीड़ित परिवारों का हालचाल जाना। बताया गया कि चांदपुर गांव में गया पासवान, राजेश पासवान, बबलू पासवान, ननकैया पासवान, नरेश पासवान एवं दीपू पासवान के घरों में आग लगने से घरेलू सामान, कपड़े, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुएं जलकर राख हो गई थीं। वहीं मडौली गांव में गीता देवी का घर भी आग की चपेट में आ गया, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा। राज्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को राशन सामग्री, कपड़े, बर्तन तथा अन्य आवश्यक राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार संकट की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर पीड़ितों को सरकारी योजनाओं एवं आर्थिक सहायता का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री के इस मानवीय प्रयास से प्रभावित परिवारों को राहत मिली। इस मौके पर राजीव त्रिवेदी, ठाकुर अनीश सिंह, शिवचंद्र निषाद, सुमन देवी मौजूद रहे।

# जनकल्याण शिविर में गूंजी विकास की आवाज, प्रभारी मंत्री ने बांटे प्रमाण पत्र

## - बच्चों का कराया अन्नप्राशन, योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास खंड तेलियानी परिसर में रविवार को आयोजित जन कल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं गोष्ठी का शुभारंभ प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद के प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के साथ अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी मौजूद रहे। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली। शिविर में .षि, शिक्षा, उद्योग,



उद्यान, पूर्ति, स्वास्थ्य, बाल विकास, सिंचाई, विद्युत, पशुपालन, रेशम, बैंक एवं समाज कल्याण विभाग सहित कई विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। प्रभारी मंत्री ने बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी कर उन्हें पोषाहार की पोटली भी वितरित की। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प सबका साथ, सबका विकास, सबका विष्वास और सबका प्रयास आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। वहीं केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे समेकित जन–कल्याण एवं जन–जागरूकता अभियान के तहत अतिथियों ने ब्लॉक परिसर में पौधरोपण भी किया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, खंड विकास अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग में नितीश पाल का शतक

## - आशीष सिंह चौहान का ऑलराउंड प्रदर्शन चमका

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बांदा–सागर रोड स्थित आरवीएस स्कूल के समीप ग्रीन बॉक्स ग्राउंड में आयोजित ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग सीजन–1, 2026 के अंतर्गत शनिवार को खेले गए दोनों लीग मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में डेस्टिनी–11 ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 158 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से नितीश पाल ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 38 गेंदों में 100 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। उनकी पारी में 9 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। गेंदबाजी में भी उन्होंने एक विकेट हासिल कर अपनी उपयोगिता साबित की। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाइफ स्टाइल स्ट्राइकर्स की टीम डेस्टिनी–11 के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 11.3 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। इस प्रकार डेस्टिनी–11 ने मुकाबला 76 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए नितीश पाल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में पालीवाल पीपी–11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 5 विकेट पर 120 रन बनाए। टीम के लिए आशीष सिंह चौहान ने 33 गेंदों पर 58 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में अंबेडकर–11 की टीम निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट खोकर केवल 62 रन ही बना सकी। पालीवाल पीपी–11 ने यह मुकाबला 58 रनों से अपने नाम कर लिया। आशीष सिंह चौहान ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 3 ओवर में




मात्र 10 रन देकर 2 विकेट झटके। उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. ज्ञानेन्द्र सचान ज्ञानू, आशीष शुक्ला जीतू, देवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी, कमल किशोर गुप्ता, योगेन्द्र कुमार, मुन्ना सिंह, अमित श्रीवास्तव, श्रीश शुक्ला, अभिषेक सेंगर, विष्वनाथ सिंह, मनोज कुमार, आकाश शुक्ला, पंकज पासवान, सम्राट गौतम, आयुष अग्रहरि, सन्दीप श्रीवास्तव, प्रेम सिंह और रतन कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आयोजक समिति, अंपायरों, स्कोररों तथा सभी सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित खेल भावना और शानदार प्रदर्शन ने क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह बढ़ा दिया है। आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# पीजीटी परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

## - सुरक्षा व्यवस्था की कसी नकेल, दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित



प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज (पीजीटी) प्रारंभिक परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुस्लिम इंटर कॉलेज एवं राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सघन चेकिंग व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। साथ ही निर्देश दिए गए कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता और विश्वसनीयता बनाए रखने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पीजीटी प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभाग पूरी तत्परता और समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

# तालाब में डूबा युवक, एनडीआरएफ ने चलाया रेस्क्यू अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के मुसवापर स्थित तालाब में एक युवक के डूब जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस प्रशासन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। युवक की पहचान सुरेश कुमार, निवासी गांधी पार्क, खागा के रूप में की गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुरेश कुमार किसी कारणवश तालाब के किनारे पहुंचे थे। इसी दौरान वह गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते डूब गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एनडीआरएफ के जवानों द्वारा तालाब में रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है। पुलिस प्रशासन भी पूरे अभियान की निगरानी कर रहा है। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवक की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। रेस्क्यू अभियान पूरा होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तालाब के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा चेतावनी संबंधी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

# छत से गिरकर किशोर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के दंडवा खुर्द गांव में किशोर अपने घर की छत पर किसी काम से गया था। तभी उसका बैलेंस बिगडा और वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दंडवा खुर्द गांव निवासी अवधेश कुमार का 13 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार अपने घर की छत पर कुछ सामान लेने गया था। तभी उसका बैलेंस बिगड़ा और वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादशे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए हथगांम सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# नहाते समय किशोरी को बिच्छू ने मारा डंक, भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगांम थाना क्षेत्र के कसराँव गांव में किशोरी अपने घर में नहा रही थी। तभी उसको जहरीले बिच्छू ने डंक मार दिया, कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई तुरन्त परिजन उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कसराँव गांव निवासी राकेश पाल की 13 वर्षीय पुत्री शालू देवी अपने घर में नहा रही थी। तभी उसको जहरीले बिच्छू ने डंक मार दिया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई। तुरन्त परिजन अपने प्राइवेट वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर भर्ती कराया।

# बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के मुत्तौर गांव के समीप बाइकों की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायल अवस्था में उनको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एक को घर जाने की सलाह देते हुए दूसरे को रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गंगाई पार गांव निवासी स्व. शौकीन अहमद का 25 वर्षीय पुत्र शेफाली अहमद बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के मुत्तौर गांव के समीप पहुंची तभी सामने से बाइक से आये दूसरे बाइक सवार से उसकी भिड़न्त हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए बहुआ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एक बाइक सवार को घर जाने की सलाह देते हुए दूसरे बाइक सवार शेफाली को सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया। एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों एवं अपराधियों की गिरतारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना थरियांव पुलिस ने मु0अ0सं0 89/2026, धारा 69/352/351(2) बीएनएस से संबंधित आरोपी संदीप पुत्र कुन्नर उर्फ रामकुमार निवासी ग्राम करनपुर मजरा रामपुर थरियांव थाना थरियांव को गिरतार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। मामले में दर्ज मुकदमे के बाद से वह वांछित चल रहा था। मुखबिर की सूचना एवं पुलिस टीम की सक्रियता के चलते आरोपी को गिरतार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरतारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार सिंह एवं हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सोनकर शामिल रहे।

# धड़ल्ले से सज रही जुएं की फड़, उठ रहे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

असोथर, फतेहपुर। थाना असोथर क्षेत्र में अवैध जुएं के कारोबार को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं। क्षेत्र के कठौता एवं मैकुवापुर गांवों में कथित रूप से बड़े पैमाने पर जुए की फड़ संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप



है कि यहां दिन–रात चिट–पट के खेल में लाखों रुपये का दांव लगाया जाता है, जिससे युवा वर्ग जुए की लत का शिकार होता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, जरौली चौकी और सरकंडी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इन स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में जुआड़ी जुटते हैं। आरोप है कि लंबे समय से यह गतिविधि संचालित हो रही है, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जुए के कारण कई परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं और सामाजिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। मामले में जब सरकंडी चौकी प्रभारी धीरज जायसवाल से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस प्रकार की किसी जुए की फड़ की जानकारी नहीं है। वहीं जरौली चौकी प्रभारी अंकुश यादव ने बताया कि पुलिस समय–समय पर दबिश देती है, लेकिन पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही जुआरी मौके से फरार हो जाते हैं, जिससे उन्हें पकड़ना मुश्किल हो जाता है। इस संबंध में थाना प्रभारी असोथर रामशंकर सरोज ने कहा कि जुआड़ियों के विरुद्ध जल्द ही विशेष अभियान चलाया जाएगा। अवैध जुए के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )